वी.यू. प्राध्यापको को गणतंत्र दिवस पर तोहफा

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्लाय जबलपुर के अधीन महाविधालयों में कार्यरत/सेवानिवृत शैक्षणिक संवर्ग के छटवें वेतनमान की 15 माह (अवधि 01.04.2010 से 30.06.2011) तक की बकाया राशि में से 25 प्रतिशत की राशि का आवंटन जारी किया गया है। माननीय कुलपति डॉ.प्रयाग दत्त जुयाल द्वारा दिए गये आदेश से वि.वि. के समस्त कार्यरत एवं सेवानिवृत प्राध्यापको में हर्ष व्याप्त है।

उल्ल्लेखनीय है की वि.वि. की स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी एवं प्रथम बार बकाया राशि का भुगतान किया गया है। इस समाचार से वि.वि. के समस्त कार्यरत एवं सेवानिवृत प्राध्यापको ने माननीय कुलपति महोदय का आभार व्यक्त किया है ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर